मांग | पानी की समस्या से लगातार जूझ रहे क्षेत्रवासी, शिकायतों के बाद नहीं हो रहा था समाधान

# वार्डवासियों ने फिल्टर प्लांट में जड़ा ताला



**डिंडोरी, 18 अक्टूबर, नवभारत।** वैसे तो नगर परिषद आये दिन किसी ना किसी मसले को लेकर विवादों से घिरी रहती है, लेकिन हद तो तब हो जाती है जब करोड़ों खर्च करने के बावजूद नतीजा सिफर हो।

जी हाँ यहाँ हम बात कर रहे हैं नगर परिषद क्षेत्रॉनतर्गत वार्ड क्रमांक 15 मे निवासरत वार्डवासियों की, जिन्होंने पानी कि समस्या का निदान ना होने के चलते शनिवार के दिन फिल्टर प्लांट जाकर गेट पर ताला जड़ दिया और तब तक गेट पर ही बैठी रही, जब तक कि मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमित तिवारी मौक़े पर नहीं पहुँचे।

### क्या कह रही थीं महिलायें

महिलाओं के साफ कहना था कि उनके वार्ड मे आये दिन पानी कि समस्या बनी रहती है, कभी समय पर नल नहीं आते तो कभी महज 10 मिनिट ही पानी कि सप्लाई चालु कर बंद कर दिया जाता है। फिर सप्लाई का कोई नियत समय भी नहीं है। शनिवार के दिन भी कुछ ऐसा ही हुआ, नल आते देर भी नहीं हुई थी कि नल बंद हो गये। ऐसे मे त्यौहार को दरकिनार कर महिलाये एकजुट हुई और जा पहुंची फ़िल्टर प्लांट, जहाँ से उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी के साथ ही जिले के आला - अधिकारीयों को फोन पर फोन घुमा दिये। महिलाओ का कहना था कि उन्होंने इसके पहले भी पार्षद सहित नप अधिकारियो के समक्ष समस्या का निदान करने पहल कि थी, लेकिन समस्या का निदान नहीं हुआ। लिहाजा उन्हें विवश हो त्यौहार के बावजूद यह कदम उठाना पड़ा।

### समाजसेवी हरिहर ने भी दिया साथ

इस दरमियाँ वार्ड क्रमांक 15 कि महिलाओं के साथ डिंडोरी के युवा समाजसेवी हरिहर पाराशर भी महिलाओं कि समस्या के निदान हेतु उनके साथ थे, जो कि वार्ड पार्षद के पति भी है। हरिहर ने बताया कि उन्होंने स्वयं अनेकों दफा वार्ड कि इस गंभीर समस्या को नप अधिकारीयों के समक्ष रखा। लेकिन सिवाय टाल - मटोल के नप के पास कुछ है ही नहीं। जो कि बेहद चिंतनीय है। इस दौरान हरिहर ने यह भी कहा कि यदि वार्ड मे दुबारा इस तरह कि पुनरावृति होती है तो वह सारे वार्डवेयसियों के साथ नप मे जाकर बैठ जायेगे और आर या पार कि लड़ाई लड़ी जायेगी।

> **इनका कहना है**
>
> इस सम्बन्ध मे हमने जलप्रदाय के जों प्रभारी इंजीनियर और टेक्निकल स्टाफ से चर्चा कि तो उन्होंने बताया कि वार्ड मे रेगुलर समय से 10 मिनिट कम नल चला। चूँकि त्यौहार का समय है तो पानी लग भी रहा है, इसलिए महिलाये आई थीं। बाकी इंजीनियर और टेक्निकल स्टाफ ने बताया कि कभी लाइन में फाल्ट के कारण वोल्टेज लो रहता है, उस कारण भी यह स्थिती उत्पन्न होती है। बाकी आगे से पूरा प्रयास होगा कि लोगों को समस्या का सामना ना करना पड़े। हां यदि टेक्निकल फाल्ट हुआ तो अलग बात है।
>
> **अमित तिवारी,**
> **मुख्य नपाधिकारी, डिंडोरी**

## आठ लाख 80 हजार का गांजा जब्त, आठ गिरफ्तार

**कटनी।** बरही थाना अंतर्गत खितौली-चंदिया मार्ग पर वाहन चैकिंग के दौरान पुलिस ने दो पिकअप वाहन से काफी मात्रा में गांजा जब्त किया है। जब्त किए गए गांजे की कीमत करीब आठ लाख 80 हजार पांच सौ रूपए है। इस मामले में पुलिस ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

पुलिस ने बताया कि बीते बुधवार-गुरुवार की दरम्यानी रात खितौली-चंदिया रोड स्थित कर्चुलियान घाट के पास सरप्राइज वाहन चैकिंग की जा रही थी। इस दौरान चंदिया की ओर से आ रही दो बोलेरो पिकअप वाहन पुलिस को देखकर वापस मुड़कर भागने लगे। जिस पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों वाहनों को रोक लिया। तलाशी के दौरान वाहनों में खिलौनों से भरी बोरियों के नीचे छिपाकर रखी गईं तीन-तीन गठरियों में गांजा जब्त किया गया एक पिकअप में 29.5 किलो और दूसरी पिकअप में 29.2 किलो गांजा मिला है।

इस मामले में पुलिस ने गांजा के अलावा दोनों पिकअप वाहनों को भी जब्त कर लिया है। पुलिस ने पिकअप में सवार आठ लोगों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।



# व्यापारियों को अग्निशामक यंत्र एवं सुरक्षा सामग्री रखने के निर्देश

▶ राजस्व, पुलिस और नगर परिषद अधिकारियों ने पटाखा दुकानों का किया निरीक्षण

**डिंडौरी, 18 अक्टूबर, नवभारत।** शुक्रवार को धार जिले के गंधवानी में साप्ताहिक बाजार के दौरान पटाखा दुकानों में हुए विस्फोट की जानकारी मिलते ही जिले के प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए डिंडौरी नगर में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की।

एसडीएम डिंडैरी भारती मेरावी, एसडीओपी सतीश द्विवेदी, थाना प्रभारी दुर्गा प्रसाद नगपुरे, नायब तहसीलदार शशांक शेण्डे तथा नगर परिषद का अमला शुक्रवार शाम उत्कृष्ट विद्यालय मैदान स्थित पटाखा दुकानों का निरीक्षण करने पहुंचे।

### दो दुकानों के बीच बनाएं पर्याप्त दूरी

निरीक्षण के दौरान एसडीएम भारती मरावी ने दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए कि दो दुकानों के बीच पर्याप्त दूरी बनाए रखें तथा सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक दुकान पर अग्निशामक यंत्र, रेत और पानी की पर्याप्त व्यवस्था अनिवार्य रूप से होनी चाहिए।

एसडीएम ने दुकानदारों को यह भी निर्देश दिए कि बिजली के उपकरणों को दुकान के बाहर रखें, ज्वलनशील पदार्थों को पास न रखें, तथा आवश्यकता से अधिक पटाखों का भंडारण किसी भी स्थिति में न करें। साथ ही, पटाखा बाजार क्षेत्र में मुनादी कराकर लोगों को सावधान किया जाए कि वे किसी भी प्रकार का ज्वलनशील पदार्थ लेकर दुकानों के आसपास न आएं।

# अब हर शुक्रवार को होगी बजाग मुख्यालय में सफाई

▶ एसडीएम रामबाबू की सराहनीय पहल



**बजाग/ डिंडौरी 18 अक्टूबर, नवभारत।** तहसील एवं जनपद मुख्यालय बजाग में पदभार ग्रहण करने के बाद से अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) रामबाबू देवांगन द्वारा निरंतर सकारात्मक परिवर्तन लाए जा रहे हैं। उनके नेतृत्व में प्रशासनिक व्यवस्था में नया अनुशासन और जनसंपर्क की ऊर्जा देखने को मिल रही है इसी क्रम में एसडीएम देवांगन ने एक और जनहितैषी पहल की है। अब हर शुक्रवार को बजाग मुख्यालय में नियमित सफाई अभियान चलाया जाएगा।

यह निर्णय विशेष रूप से गुरुवार के साप्ताहिक बाजार के बाद नगर में फैलने वाले कचरे को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।एसडीएम के निर्देश पर ग्राम पंचायत स्तर पर रोजगार सहायक एवं उनकी टीम सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी निभाएंगे। अभियान के तहत बाजार क्षेत्र में जमा कूड़ा-कचरा पूर्णत: साफ किया जाएगा ताकि नगर स्वच्छ और आकर्षक बना रहे। शुक्रवार को ग्राम पंचायत बजाग रैयत में इस पहल के तहत व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाया गया। साप्ताहिक बाजार के बाद फैला कचरा पूरी तरह हटा दिया गया। ग्रामीणों में भी स्वच्छता के प्रति जागरूकता और भागीदारी बढ़ती नजर आई। यह पहल न केवल बजाग क्षेत्र में स्वच्छता का संदेश दे रही है बल्कि जनसहभागिता के माध्यम से स्वच्छ भारत अभियान को भी सशक्त बना रही है एसडीएम रामबाबू देवांगन ने कहा पहले बाजार के बाद बजाग मुख्यालय में कचरा फैला रहता था। इस समस्या के समाधान के लिए ग्राम पंचायत को निर्देश दिए गए हैं कि प्रत्येक शुक्रवार को नियमित रूप से सफाई की जाए।

## दो पहिया वाहन चलाने पर हेलमेट अनिवार्य

**कटनी।** दोपहिया वाहन से शासकीय कार्यालय आने वाले सभी शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों को अब हेलमेट पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। जिला मजिस्ट्रेट और कलेक्टर आशीष तिवारी ने तदाशय का आदेश जारी कर दिया है। आदेश सभी विभागों के जिला अधिकारियों को भेजा गया है। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों, समस्त स्टाफ को दो पहिया वाहन से कार्यालय आते और जाते समय आई एस आई मार्का हेलमेट पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। सभी विभागों के जिला अधिकारियों को अपने स्टाफ से हेलमेट की अनिवार्यता आदेश का पालन कराने कहा है। आदेश में कहा गया है कि संबंधित थाना और आरक्षी केंद्र द्वारा समय-समय पर हेलमेट चेकिंग अभियान भी चलाया जाएगा।

# लोगों में जागरूकता लाने धनतेरस पर मनाया गया बिटिया जन्मोत्सव

▶ बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जिला अस्पताल डिंडोरी में हुआ विशेष आयोजन



**डिंडौरी, 18 अक्टूबर, नवभारत।** धनतेरस के शुभ अवसर पर जिला प्रशासन डिंडोरी द्वारा कलेक्टर अंजू पवन भदोरिया के मार्गदर्शन में बिटिया जन्मोत्सव का आयोजन जिला चिकित्सालय डिंडोरी में किया गया। यह आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत किया गया, जिसका उद्देश्य समाज में बेटियों के जन्म को उत्सव की तरह मनाने और लैंगिक समानता के प्रति सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना है।

कार्यक्रम में कलेक्टर अंजू पवन भदोरिया की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने जिला अस्पताल में हाल ही में जन्मी 20 नवजात कन्याओं को 'बिटिया उत्सव किट' भेंट की।इस विशेष किट में लाड़ली लक्ष्मी योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और सुकन्या समृद्धि योजना से संबंधित जानकारी पुस्तिकाएं, बच्चियों के लिए खिलौने, कपड़े, बेबी केयर किट, मिठाइयां, तौलिया और वेट टिशू, तथा माताओं के लिए पौष्टिक सोंठ लड्डू शामिल किए गए।इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा आज बिटिया का जन्म उत्सव की तरह मनाया जाना चाहिए, क्योंकि बेटियां किसी भी रूप में लड़कों से कम नहीं हैं। आज जो ऊंचाइयों को छू रही हैं, उनमें बेटियों का ही नाम है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक दृष्टिकोण और लैंगिक समानता को बढ़ावा देते हैं।

कार्यक्रम में एसडीएम भारती मरावी, सिविल सर्जन डॉ. अजय राज, चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉ. रमेश मरावी, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्याम सिंगौर, जिला जनसंपर्क अधिकारी चेतराम अहिरवार, महिला एवं बाल विकास विभाग और अस्पताल स्टाफ उपस्थित रहे। बिटिया जन्मोत्सव' के माध्यम से डिंडोरी जिला प्रशासन ने यह प्रेरक संदेश दिया कि हर बेटी का जन्म एक उत्सव है, और हर मां का सम्मान समाज का कर्तव्य। कार्यक्रम के समापन पर कलेक्टर भदोरिया ने माताओं से अपील की कि अपनी बिटिया को अच्छे स्वास्थ्य और बेहतर शिक्षा दें, प्रशासन आपके साथ है।

# कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण, दिए सुधार के निर्देश



**डिंडौरी, 18 अक्टूबर, नवभारत।** कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने शनिवार को जिला चिकित्सालय डिंडौरी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई, आईसीयू वार्ड, इमरजेंसी कक्ष, ओपीडी, एक्स-रे कक्ष, दवाई वितरण केंद्र, ब्लड बैंक तथा पैथोलॉजी लैब का बारीकी से जायजा लिया।

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को चिकित्सालय में साफ-सफाई बनाए रखने, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने, तथा ड्यूटी पर सभी डॉक्टरों की समय पर उपस्थिति के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि अस्पताल में भर्ती प्रत्येक मरीज को समय पर उचित इलाज मिलना चाहिए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने मरीजों से अस्पताल में दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली और अस्पताल प्रशासन को लगातार निगरानी रखने के निर्दश दिये।

## डिवाइडर से टकराई कार, मां-बेटे हुए घायल

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत नैगवां के पास गाय को बचाने के चक्कर में एक कार डिवाइडर से टकरा गई। जिसके कारण कार में सवार एक महिला और उसका बेटा घायल हो गया। दोनों को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां दोनों घायल मां-बेटे का इलाज किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार रीवा निवासी श्रीमति कार्तिका मिश्रा पति नीतेश मिश्रा और उनका बेटा सक्षम मिश्रा किसी कार्य से पूना से रीवा जा रहे थे। इसी दौरान स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत नैगवां गांव के पास गाय को बचाने के कारण डिवाइडर से टकरा गई। जिससे मां और बेटे गम्भीर रूप से घायल हो गए हैं।

# धनतेरस पर बाजार रहा गुलजार, खिले लोगों के चेहरे



**डिंडौरी, 18 अक्टूबर, नवभारत।** धनतेरस के अवसर पर शनिवार को जिलेभर के बाजारों में रौनक देखते ही बन रही थी। सुबह से ही लोगों की भीड़ बाजारों में उमड़ पड़ी। स्वर्ण आभूषण, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक सामान, वाहन और परिधानों की दुकानों पर ग्राहकों की लंबी कतारें लगी रहीं।

त्योहार को शुभ मानते हुए लोगों ने नए बर्तन, चांदी के सिक्के, झाड़ू, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं और वाहन खरीदे। ज्वेलरी शॉप्स पर सोना-चांदी की चमक देखते ही बन रही थी। दुकानदारों ने बताया कि पिछले वर्षों की तुलना में इस बार बिक्री में अच्छा खासा इज़ाफा हुआ है।

**यहाँ रही भीड़** - नगर के उत्कृष्ट खेल मैदान मे पटाखा बाजार के अलावा भाजपा कार्यालय से लेकर नगर के मुख्य बस स्टेण्ड तक और कम्पनी चौक पुरानी डिंडोरी के आसपास देर रात तक चहल-पहल बनी रही। मिठाई और सजावट की दुकानों पर भी ग्राहकों की भीड़ उमड़ी। पुलिस प्रशासन और नगर परिषद की टीमों ने यातायात एवं स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष व्यवस्था की। स्थानीय नागरिकों ने दीपावली की तैयारियों के साथ परिवार सहित खरीददारी का आनंद लिया और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।



# कार से हो रहा था अवैध शराब का परिवहन

▶ 88 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद, दो आरोपियों सहित वाहन जब्त

**शहपुरा, डिंडौरी, 18 अक्टूबर, नवभारत।** शहपुरा थाना पुलिस ने अवैध शराब परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए मारुति सुजुकी सेलेरियो कार क्रमांक MP-20 CM-2386 से 88 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 67 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस ने इस प्रकरण में दो आरोपियों दुर्गेश असाटी पिता तामेश्वर असाटी (31 वर्ष), निवासी मानिकपुर, छोटू कुंजाम पिता जगत सिंह कुंजाम (32 वर्ष), निवासी आमाखोह को गिरफ्तार किया है थाना प्रभारी अनुराग जामदार के निर्देशन में गठित टीम में राकेश यादव, प्रधान आरक्षक कमलेश मरावी तथा आरक्षक अजय यादव ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए उक्त वाहन को रोककर तलाशी ली। वाहन से अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई।

### बिना लाइसेंस के किया जा रहा था शराब का परिवहन

दोनों आरोपी बिना वैध लाइसेंस के शराब का परिवहन कर रहे थे। पुलिस ने शराब व वाहन को जब्त कर आरोपियों के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया है। मामले की विवेचना जारी है।

# करंजिया में अतिवृष्टि से किसानों की फसल चौपट, सीएम से मुआवजे की गुहार



**डिंडौरी/करंजिया 18 अक्टूबर, नवभारत।** लगातार बारिश और खराब मौसम ने करंजिया ब्लॉक के सैकड़ों किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है। खेतों में जलभराव और फसल सड़ने से सोयाबीन की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है। इस भारी नुकसान से परेशान किसानों ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया से मुआवज़े की मांग की है।

करंजिया ब्लॉक के अनेक किसानों ने संयुक्त रूप से एक आवेदन तैयार कर मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन और कलेक्टर डिंडौरी को संबोधित ज्ञापन नए तहसीलदार शैलेश गौर को सौंपा।आवेदन में लिखा गया है कि लगातार हुई अतिवृष्टि के कारण हमारी सोयाबीन फसल पूरी तरह चौपट हो चुकी है। खेतों में पानी भरे रहने और कीट लगने से फली नहीं बनी, पौधे सड़ गए और उत्पादन शून्य रह गया है। ज्ञापन पर अमित, लखन, देवेंद्र, सुगन पटेल, प्रभु सिंह, बलबीर सिंह, गजेंद्र सिंह, लखन सिंह समेत कई किसानों ने हस्ताक्षर किए हैं।

नव नियुक्त तहसीलदार शैलेश गौर ने बताया कि किसानों की समस्या उनके संज्ञान में है। कृषि विभाग और राजस्व अमले के साथ मिलकर सर्वे कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर पात्र किसानों को नियमानुसार मुआवज़ा दिलवाया जाएगा।

### किसानों ने कहा-फसल के साथ उम्मीदें भी बह गईं

करंजिया ब्लॉक के अधिकांश किसान सोयाबीन को ही प्रमुख खरीफ फसल के रूप में उगाते हैं। इस वर्ष जून-जुलाई में समय पर बुवाई के बाद अच्छी पैदावार की उम्मीद थी, लेकिन अगस्त से सितंबर तक लगातार हुई वर्षा ने खेतों को दलदल में बदल दिया।किसान प्रभु सिंह ने बताया, हमने लोन लेकर खेती की थी, अब फसल चौपट हो गई। बिजली बिल और मजदूरी का पैसा देना है, पर खेत से कुछ नहीं निकला। वहीं किसान लखन पटेल ने कहा, अगर सरकार ने मदद नहीं की तो रबी की फसल की बुवाई भी संभव नहीं। हमारे पास बीज और खाद खरीदने तक के पैसे नहीं बचे हैं।

### किसानों ने उठाई संयुक्त रूप से सर्वे करने की मांग

किसानों ने कृषि और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम भेजकर वास्तविक नुकसान का आकलन करने तथा न्यायोचित मुआवज़ा देने की अपील की है।कृषि विभाग के सूत्रों के अनुसार, प्रभावित गांवों में जल्द ही सर्वे कार्य प्रारंभ कर रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी।

जेएस ब्लॉक अध्यक्ष अभिलाष श्याम ने किसानों के समर्थन में कहा कि करंजिया ब्लॉक की अधिकांश फसलें नष्ट हो चुकी हैं। सरकार को चाहिए कि तुरंत सर्वे कराकर किसानों को राहत राशि दिलाई जाए ताकि वे अगली फसल की तैयारी कर सकें। किसान प्रदेश की रीढ़ हैं, उन्हें संकट में अकेला नहीं छोड़ा जा सकता। उन्होंने क्षेत्रीय विधायक ओंकार सिंह मरकाम पर निशाना साधते हुए कहा कि वे किसानों की समस्याओं के प्रति गंभीर नहीं हैं और क्षेत्र से नदारद रहते हैं।

### प्रशासन ने सर्वे पश्चात मुआवजे दिलाने का दिया आश्वासन

डिंडौरी जिला प्रशासन ने किसानों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए सर्वे कार्य प्रारंभ करने की पुष्टि की है। राजस्व विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिन किसानों की फसल पूरी तरह चौपट हुई है, उन्हें नियमों के अनुसार राहत राशि दी जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने हाल ही में कहा था कि मध्यप्रदेश सरकार हर किसान के साथ है। अतिवृष्टि से प्रभावित किसानों को सर्वे के बाद आर्थिक सहायता दी जाएगी।